दिन–मंगलवार दिनांक– 03/10/2023

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि– 05 मिनट

राज्य सरकार ने जातीय गणना की रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आज सर्वदलीय बैठक बुलायी है। यह बैठक अब से थोड़ी देर बाद पटना के संवाद भवन में आयोजित होगी। बैठक में जदयू, राजद, भाजपा और कांग्रेस समेत नौ पार्टियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि इस बैठक में रिपोर्ट के सभी पहलुओं को रखा जायेगा और आगे की रणनीति के लिए सभी दलों से विचार–विमर्श किया जायेगा।

———————————————————

बिहार में जारी जातीय सर्वेक्षण की रिपोर्ट के खिलाफ सुप्रीमकोर्ट में याचिका दायर की गयी है। न्यायालय ने मामले की सुनवाई करते हुए अगली तारीख छह अक्टूबर को निर्धारित की है।

———————————————————

राज्य सरकार ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए बिहार न्यायिक सेवा में दस प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में राज्य मंत्रिमंडल की हुयी बैठक में इस आशय के प्रस्ताव को मंजूरी दी गयी। इसके आलावा कैबिनेट ने चौदह अन्य प्रस्तावों को भी मंजूरी प्रदान की।

———————————————————

केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती ने एक अक्टूबर को हुयी सिपाही भर्ती परीक्षा को रद्द कर दिया है। साथ ही सात अक्टूबर और पंद्रह अक्टूबर को होने वाली परीक्षा भी अगले आदेश तक के लिए स्थगित कर दी गयी है। गौरतलब है कि एक अक्टूबर को हुयी परीक्षा का प्रश्नपत्र लीक हो गया था। इस मामले की जांच आर्थिक अपराध इकाई कर रही है। परीक्षा में फर्जीवाड़े को लेकर अलग–अलग जिलों में इकसठ मामले दर्ज हुए हैं। वहीं, एक सौ से अधिक लोगों को इस मामले में गिरफ्तार किया जा चुका है।

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा, एसटीईटी दो हजार तेईस का परिणाम जारी कर दिया है। समिति के अध्यक्ष आनंद किशोर ने पटना में परीक्षा परिणाम जारी किया। उन्होंने बताया कि पेपर वन और टू में कुल तीन लाख सात सौ छब्बीस अभ्यर्थी उत्तीर्ण हुए हैं। अभ्यर्थी बीएसईबी एसटीईटी डॉट कॉम पर अपना परिणाम देख सकते हैं। एसटीईटी परीक्षा चार सितम्बर से चौदह सितम्बर तक ऑनलाईन आयोजित की गयी थी। परीक्षा में लगभग चार लाख अभ्यर्थी शामिल हुये थे।

पटना उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार द्वारा स्कूल और कॉलेज के संचालन समय में निजी कोचिंग संस्थानों का संचालन नहीं करने के आदेश पर रोक लगा दी है। न्यायालय ने इस आदेश के खिलाफ दायर एक याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि राज्य सरकार को कोचिंग संस्थानों का संचालन समय निर्धारित करने का अधिकार नहीं है।

राज्य में पिछले चौबीस घंटों के दौरान डेंगू के एक सौ इक्यावन नये मरीजों की पुष्टि हुई है। स्वास्थ्य विभाग के अनुसार पटना और मुंगेर से तीस–तीस नए मामले मिले हैं। वहीं, भागलपुर में अट्ठाईस, सारण में पन्द्रह और वैशाली में आठ लोगों में डेंगू की पुष्टि हुई है। डेंगू के मरीजों की संख्या बढ़कर सात हजार से अधिक हो गई है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से डेंगू के लक्षण मिलते ही नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से संपर्क करने की अपील की है।

मॉनसून की सक्रियता के चलते प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान अधिकांश जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश हुयी है। कुछ स्थानों पर भारी बारिश भी दर्ज की गयी। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहतास के चेनारी में सबसे अधिक बयासी मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चौबीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिमी चंपारण, रोहतास, गया, कैमूर, गोपालगंज, मधुबनी, दरभंगा, सुपौल और अररिया समेत उन्नीस जिलों में कुछ स्थानों पर भारी बारिश हो सकती है। इस दौरान मेघगर्जन और वज्रपात की भी चेतावनी जारी की गयी है।

प्रदेश में लगातार हो रही बारिश के चलते कैमूर जिले के कई हिस्सों में अचानक बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है। हमारे संवाददाता ने बताया है कि कर्मनाशा, दुर्गावती और सुवारा जैसी मौसमी नदियां पूरे उफान पर हैं। सुवारा नदी का जलस्तर बढ़ने से भभुआ शहर में कई घरों, अस्पताल और कार्यालय जलमग्न हो गये हैं। डीएवी स्कूल और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय परिसर में बाढ़ का पानी घुसने के बाद आपातकालीन स्थिति में स्कूली बच्चों को बचाया गया। कैमूर के जिलाधिकारी सावन कुमार ने बताया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र से गर्भवती महिलाओं सहित कई मरीजों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। उन्होंने कहा कि किसी भी आपतकालीन स्थिति से निपटने के लिए आपदा प्रबंधन टीमों को हाई अलर्ट पर रखा गया है।

बेगूसराय जिले के डंडारी थाना क्षेत्र के राजोपुर कटरमाला गांव में असामाजिक तत्वों द्वारा बाबा साहेब डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा गिराने के मामले की जांच के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। पुलिस अधीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि घटना स्थल पर पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की गयी है। उन्होंने कहा कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।